बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

3 अप्रील 2023

[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन].

Total Short Notice Question- 6

यूरिया उपलब्ध कराने हेतु

*152 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में रबी मौसम में यूरिया की आवश्यकता का आकलन 12.70 लाख टन किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि 10 लाख 30 हजार टन यूरिया देने की स्वीकार्यता के बाद भी अभी तक मात्र 8 लाख 10 हजार 597 टन यूरिया केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष यूरिया को मांगने हेतु सार्थक प्रयास करना चाहती है?

भवन का निर्माण

***153 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड के मोदनगंज पंचायत मुख्यालय में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु स्थल का चयन भी कर लिया गया था और सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भी आजतक इसका निर्माण नहीं किया गया है, जबकि जिला पदाधिकारी द्वारा भी उक्त स्थान का चयन किया गया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो किस कारणवश आजतक उक्त पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं कराया गया है?

सड़क का निर्माण

***154 श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत मोकामा प्रखंड के ग्राम पंचायत हथिदह बुजुर्ग में रेलवे क्रॉसिंग सं.- 49 सी. से बब्लू सिंह के मकान, सहदेव सिंह के खटाल एवं धीरज सिंह, पूर्व उपमुखिया के दलान होते हुए पुस्तकालय भवन व पी.एच.ई.डी. पम्प हाउस तक प्रस्तावित सड़क का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

पशु चिकित्सालय एवं पशु चिकित्सक की व्यवस्था

***155 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन बिहार के कम आय वर्ग के लोगों के जीवन का आधार है;

(ख) क्या यह सही है कि पशुओं में विशेषकर दुधारू पशुओं की चिकित्सा का सामान्य तौर पर अभाव है, पशुओं के अस्पताल और पशु चिकित्सकों की संख्या पर्याप्त नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक पशु चिकित्सालय और एक पशु चिकित्सक की व्यवस्था कराना चाहती है?

सड़क का निर्माण

***156 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत टिकारी बाजार में सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बराबर जाम लगा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि यदि अहियापुर से नारायणपुर होते हुए रेवई-लोदीपुर-कुर्था तक बाईपास सड़क का निर्माण हो जाए, तो टिकारी बाजार जाम की समस्या से मुक्त हो जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया जिला में अहियापुर से नारायणपुर होते हुए रेवई-लोदीपुर-कुर्था तक बाईपास सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

जैविक खेती का परिणाम

***157 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि कृषि में रासायनिक उर्वरक के प्रयोग के कारण मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, ऐसी स्थिति में मिट्टी की उर्वरकता को संरक्षित करने के उद्देश्य से जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है बिहार में भी जैविक खेती का प्रचलन बढ़ा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए क्या कोई योजना एवं कार्यक्रम है तथा विगत वर्षों में जैविक खेती कितनी एकड़ भूमि पर की गई एवं इसका क्या परिणाम है?